दिन– शुक्रवार दिनांक– 28/02/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधान मंडल का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को करेंगे संबोधित।

02. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वक्फ संशोधन विधेयक में बदलावों को मंजूरी दी। संयुक्त संसदीय समिति द्वारा प्रस्तावित तेईस में से चौदह संशोधन स्वीकार किये गये।

03. पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा– पंचायत चुनाव में बैंक अधिकारियों और कर्मियों की सेवा लेना संवैधानिक और सही है।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में देर रात दो बजकर छत्तीस मिनट पर भूकम्प के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता पांच दशमलव पांच मापी गई।

---

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां सेन्ट्रल हॉल में विधानसभा और विधान परिषद की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद दोनों सदनों की अलग–अलग बैठक होगी। आज ही राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी तीन मार्च को वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का आम बजट पेश करेंगे। चार मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा और सरकार का उत्तर होगा। पांच मार्च को बजट पर सामान्य विमर्श होगा। वहीं, छह मार्च को बजट पर सामान्य विमर्श के साथ ही सरकार का उत्तर भी होगा। अट्ठाईस मार्च तक चलने वाले सत्र में कुल बीस बैठकें होंगी। और ब्यौरे के साथ हैं, हमारे संवाददाता–

–––बाईट–––

बजट सत्र के काफी हंगामेदार रहने की संभावना है। राजद और कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर सरकार से जवाब मांगा जायेगा। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों को सदन में मुखरता के साथ उठाया जायेगा। वहीं, सत्तापक्ष ने भी विपक्ष को सदन में जवाब देने की रणनीति बनायी है। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सरकार विपक्षी दलों के हर मुद्दे के जवाब के लिए तैयार है। इस बीच, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने पक्ष और विपक्ष के सदस्यों से सदन की कार्यवाही सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए सहयोग की अपील की है। आकाशवाण समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, विधान मंडल सत्र को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। विधानमंडल के चारों तरफ धारा एक सौ चौवालीस लागू रहेगी। परिसर के अंदर और बाहर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गयी है। सत्र के दौरान परिसर के बाहर राजनीतिक दल या संगठनों की ओर से प्रदर्शन, जुलूस और घेराव करने पर रोक लगा दी गयी है।

---

राज्यपाल के अभिभाषण का सजीव प्रसारण आकाशवाणी पटना से किया जायेगा। इस प्रसारण को राज्य के सभी केन्द्रों से रिले किया जायेगा। यह प्रसारण पूर्वाह्न ग्यारह बजकर सत्ताईस मिनट से सुना जा सकेगा।

---

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वक्फ संशोधन विधेयक में बदलावों को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने संयुक्त संसदीय समिति द्वारा प्रस्तावित तेईस में से चौदह संशोधनों को स्वीकार कर लिया है। अब इस बिल को दस मार्च से शुरू हो रहे बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान संसद में पेश किये जाने की सम्भावना है। गौरतलब है कि इस विधेयक को लोकसभा में पेश किये जाने के बाद पिछले वर्ष अगस्त महीने में संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया था। विधेयक का उद्देश्य वक्फ सम्पत्तियों के प्रबंधन में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाना है।

---

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि पंचायत चुनाव में बैंक अधिकारियों और कर्मियों की सेवा लेना संवैधानिक और सही है। कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी की खंडपीठ ने एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुये यह फैसला दिया।

---

होली के त्योहार के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए मध्य रेलवे ने प्रमुख मार्गों पर अड़तालीस अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की है। ये रेलगाड़ियां मुंबई, पुणे जैसे प्रमुख शहरों से दानापुर, समस्तीपुर समेत अन्य गंतव्य स्थानों के बीच चलेंगी।

---

कटिहार जिले के पोठिया थाना क्षेत्र के डुमर चौक पर एक आदिवासी युवक की पिटाई के मामले में पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा ने गश्ती दल को निलंबित करते हुये सभी पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। वहीं, पश्चिम चम्पारण जिले के साठी थाना में पदस्थापित दारोगा पवन सिंह का रिश्वत मांगते हुये वीडियो वायरल होने के

बाद उसे निलंबित कर दिया गया है। इधर, पूर्वी चम्पारण जिले के पहाड़पुर थाना में तैनात प्रशिक्षु दारोगा प्रियंका गुप्ता को ड्यूटी के समय वर्दी पहन कर रील बनाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में देर रात दो बजकर छत्तीस मिनट पर भूकम्प के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता पांच दशमलव पांच मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र नेपाल में था। भूकम्प के झटके महसूस होते ही लोग अपने–अपने घरों से बाहर निकल गये। कहीं से जान–माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

---

मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, कैमूर, औरंगाबाद, रोहतास, गया, नवादा, जमुई और बांका जिले में मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश की सम्भावना जतायी है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। साथ ही तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है।

---

बिहार के सारण जिले के छपरा शहर में बहुचर्चित रोटी बैंक लगातार अपनी सेवा से जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध करा रहा है। यह संगठन निस्वार्थ सेवा के सात वर्ष पूरे करने जा रहा है। सुनते हैं हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

––––डिस्पैच–––

छपरा शहर में स्टेशन से लेकर बस पड़ाव और विभिन्न गली मुहल्लों में रात होते ही आश्रयहीन , गरीब और भूखे लोगों का सहारा बनकर आते हैं रोटी बैंक के सदस्य। यह 10 से 15 कामकाजी लोगों, व्यवसायियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का संगठन है जो श्रम दान और एक दूसरे की मदद से संसाधन जुटाकर चलता है।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत में संगठन के संचालक और पेशे से शिक्षक रविशंकर उपाध्याय बताते हैं कि सेवा की भावना सभी को बांधकर रखती है। अपने सात वर्ष के सफर में संगठन ने कोरोना के समय सबसे कठिन अग्नि परीक्षा पास की।

–––साउंड बाइट– रविशंकर उपाध्याय–––

( छोटे स्तर पर शुरुआत हुई। सात पैकेट से यह कारवां बढा । बाद में लोग अपने घरों से खाना बनवाकर लेकर बांटने लगे। कोविड के समय राशन, पानी और स्तर पर सहयोग मिला। कोरोना के समय एक बार में 1200 –1400 प्रवासी लोगों को हम भोजन कराते थे। )

संगठन को चलाने में मदद करने वाले एक और सदस्य सत्येंद्र कुमार बताते हैं । संगठन के कार्य को देखकर भरोसा बढ़ा है लोग जन्मदिन , विवाह तथा अन्य शुभ अवसर पर भी खाना स्पांसर करते हैं।

–––साउंड बाइट– सत्येंद्र कुमार–––

(हमारे अभियान से अधिक लोग जुड़ने लगे हैं। शादी विवाह, जन्मदिन पर भी लोग पूड़ी, बुंदिया देते हैं जिसे जरुरतमंद लोगों के बीच बांटा जाता है।

रोटी बैंक का कार्य क्षेत्र का दायरा भले ही छोटा है लेकिन काम बहुत बड़ा है। लेकिन बाढ में सुखाड़ में सर्दी में बरसात में एक समय का खाना देकर जिन लोगों की निस्वार्थ सेवा की जाती है इसका मोल वे ही बता सकते हैं। छपरा से पवन कुमार सिंह के साथ धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार पटना।

---

आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस है। प्रति वर्ष अट्‌ठाईस फरवरी को महान भौतिक विज्ञानी, सर सी वी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया

जाता है। उन्हें इस महत्वपूर्ण खोज के लिए वर्ष उन्नीस सौ तीस में नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। राजधानी पटना के श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र और तारामंडल समेत प्रदेशभर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

---

देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की बासठवीं पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस अवसर पर पटना के बांसघाट स्थित उनकी समाधि स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देशरत्न को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

---

जहानाबाद के पुलिस लाईन में पिछले दिनों एक दर्जन से अधिक कौओं की मौत बर्ड फ्लू से हुई थी। इसकी पुष्टि कोलकाता स्थित आरडीजीएल संस्थान में हुई जांच के बाद की गयी है। जांच रिपोर्ट में कौओं की मौत एवियन इनफ्लूएंजा संक्रमण से होने की बात कही गयी है। इधर, पशु और मत्स्य संसाधन विभाग ने पुलिस लाईन के तीन किलोमीटर के दायरे में स्थित पोल्ट्री फार्म से मुर्गे–मुर्गियों के नमूने एकत्रित कर उसे जांच के लिए पटना भेजा है।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा में पूछे गये वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। यह समिति की वेबसाईट पर उपलब्ध है। छात्र पांच मार्च तक इस पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

---

नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में लोगों ने चोरी के आरोप में दो युवकों की पिटाई कर दी। पिटाई से एक युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में दस लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

---

पटना जिले के बिक्रम थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एक सौ उनतालीस पर बालाजी मंदिर के पास सड़क हादसे में चाचा–भतीजा की मौत हो गयी। इधर, मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र के खोपा पेट्रोल पंप के पास एक बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में एक महिला की मौत हो गयी।

---

गया जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र से एसटीएफ और पुलिस की टीम ने तेरह वर्षों से फरार कुख्यात नक्सली सुजीत दास को गिरफ्तार कर लिया है।

---

गया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने ग्यारह लाख रूपये मूल्य के प्रतिबंधित कफ सिरफ के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नीतीश मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद मंत्रियों के बीच विभागों के बंटवारे से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सात नये मंत्रियों को विभाग मिला, पुराने में फेर–बदल।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– संजय सरावगी को राजस्व और जीवेश मिश्रा को नगर विकास विभाग।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– वक्फ बिल को कैबिनेट ने दी मंजूरी। चौदह संशोधनों पर भी लगायी मुहर।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पुलिस सप्ताह समापन समारोह में शामिल हुये सीएम। चार नागरिक वीरता और तीन पुलिस अफसर उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित।

राष्ट्रीय सहारा और आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधान मंडल के बजट सत्र की शुरूआत होने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधान मंडल का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को करेंगे संबोधित।

02. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वक्फ संशोधन विधेयक में बदलावों को मंजूरी दी। संयुक्त संसदीय समिति द्वारा प्रस्तावित तेईस में से चौदह संशोधन स्वीकार किये गये।

03. पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा– पंचायत चुनाव में बैंक अधिकारियों और कर्मियों की सेवा लेना संवैधानिक और सही है।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में देर रात दो बजकर छत्तीस मिनट पर भूकम्प के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता पांच दशमलव पांच मापी गई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।